नैरोबी,अफ्रिका　　　　　　　ओम शान्ति　　　　　　　ता.26.03.2020

ब्र.कु.वेदान्ति बहन के द्वारा सत् गुरुवार के निमित्त प्यारे बापदादा का दिव्य संदेश

ओम शान्ति। गुड मॉर्निंग। सारे विश्व के मेरे दैवी परिवार के भाईयों और बहनों,

वर्तमान समय सारी दुनिया की जो भी सिच्युएशन है, ऐसे समय पर हम सभी बापदादा की ब्लैसिंग्स से पुरुषार्थ करके आगे तो बढ़ ही रहे है। लेकिन आज सत्गुरुवार होने के कारण विशेष अमृतवेला मै जब बापदादा को गुडमॉर्निंग करने गई, तो उस समय मैने बापदादा से जो बाते की, बापदादा ने जो कहा, वह मै आप सब को भेज रही हूँ।

बापदादा को कहा कि बापदादा अब दुनिया की, लोगों की हालत बिगड़ रही है। बापदादा ने मुस्कुरा कर कहा कि बच्ची दुनिया की हालत तो बिगडी हुई है ही, इसलिए बाप आया है। तुम बच्चे यह नही सोचो कि बिगड़ती जा रही है। तुम बच्चे यह सोचो कि तुम सबको क्या करना है? बाप और तुम ब्राह्मण बच्चों का काम है- बिगड़ी को बनाना। तो सुधारने का सोचो। दुनिया के न्युज़ कोन्सेस नही बनो। सोल कोन्सेस बनो, गॉड कोन्सेस बनो। और यह मन्सा सेवा का गोल्डन चान्स मिला है उसको सही रुप से युज़ करो। बातों मे नही जाओ, बाप की याद मे खो जाओ। तुम सब बच्चो के पावरफुल संकल्प से थोडे ही समय में वातावरण अच्छे ते अच्छा हो जायेगा। यह तो ड्रामा में तुम बच्चों को बहुत बड़ी सेवा के लिए टाइम मिला है। घर में फँस गये हो यह नही सोचो, गुफा मे बैठे हो यह सोचो। उड़ो और उड़ाओं। समझा। ओम शान्ति।

यह था बापदादा का वतन का मैसेज। बापदादा से इतना सुन्दर इशारा लेकर मै वापिस आई। और मुझे संकल्प आया कि बापदादा का यह सुन्दर गाइडन्स आप सबको भी भेजें। अच्छा, ओम शान्ति।